04/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश की रूपा बायोर ने वर्ल्ड ताइक्वांडो (WT) वर्ल्ड रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुँचकर इतिहास रच दिया है। ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय बन गई हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सुश्री बायोर को बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। उनके समर्पण, अनुशासन और अथक परिश्रम ने भारतीय ताइक्वांडो के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

0000000000000000000000

अरुणाचल फोटोग्राफी क्लब के अध्यक्ष डॉ. राधे नातुंग एवं उपाध्यक्ष ताकाम अरुण ने आज लोक भवन में राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्लब की गतिविधियों और आगामी फोटोग्राफी वर्कशॉप-कम-एग्जीबिशन 'द प्लेटफॉर्म' के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने सुझाव दिया कि क्लब को राज्य के विकास कार्यों को भी तस्वीरों के जरिए दिखाना चाहिए, जिससे लोगों में गर्व और सकारात्मक सोच को बढावा मिले। उन्होंने छात्रों को फोटोग्राफी के लिए प्रेरित करने का भी अहवान किया।

0000000000000000000000

एनडीआरएफ की 12वीं बटालियन और एसडीआरएफ खोंसा की टीम ने आज एक लापता व्यक्ति पच्चीस वर्षीय लाइचात वांगपान का शव तिराप जिले के ओतोंगखोआ गांव के पास तिस्सा नदी से बरामद किया। इससे पहले 2 अप्रैल को हुए रेस्क्यू ऑपरेशन में वांगथोआ वांगपान नामक एक अन्य व्यक्ति का शव पाया गया था। यह अभियान जिला प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से चलाया गया।

0000000000000000000000

आज तड़के करीब 12:15 मिनट पर अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो में एसपी ऑफिस के पास भीषण आग लगी, जिसमें कम से कम पांच घर जलकर राख हो गए। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कॉलोनी के सचिव ने बताया कि सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग के कारण दमकल गाड़ियों को पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। उन्होंने लोगों से जिम्मेदारी से वाहन पार्क करने की अपील की।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन ने अंडर-20 पुरुष राज्य टीम के लिए तीन दिवसीय सेलेक्शन ट्रायल आज से राजीव गांधी स्टेडियम में शुरू कर दिया हैं। ये ट्रायल चार से छः अप्रैल तक चलेंगे, जिनका उद्देश्य आगामी प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं की पहचान करना है।

0000000000000000000000

इंटरनेशनल स्की माउंटेनियरिंग फेडरेशन, स्किमो इंडिया और युवा मामलों के विभाग द्वारा संयुक्त रूप तवांग में विंटर स्पोर्ट्स ट्रेनिंग और ओपन नेशनल स्की माउंटेनियरिंग चैंपियनशिप कल से शुरू होगी, जो आगामी 14 अप्रैल तक जारी रहेगा। चैंपियनशिप 15 अप्रैल को आयोजित होगी।

0000000000000000000000

दिराङ स्थित आईसीएआर-नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन याक द्वारा शि-योमी जिले के मेचुका ब्लॉक में याक पुनःस्थापन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। जिसका उद्देश्य पशुपालन आधारित आजीविका को बढ़ावा देना, इको-टूरिज्म को विकसित करना और पारंपरिक संस्कृति को संरक्षित करना है। यह कार्यक्रम स्थानीय संगठनों और पशुपालन विभाग के सहयोग से किया गया।

0000000000000000000000

भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर “ग्रीन सैनवी” युद्ध प्रभावित होर्मुज़ जल-डमरू-मध्य को पार कर भारत की ओर रवाना हो चुका है। इसमें छियालीस हज़ार छः सौ पचास मीट्रिक टन एलपीजी और 25 नाविक सवार हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने के बाद यह सातवां भारतीय टैंकर है जिसने इस मार्ग को पार किया है।

सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है और लोगों से घबराकर खरीदारी न करने की अपील की है।

0000000000000000000000

उधर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने होर्मुज जल-डमरू-मध्य में ईरान के हमलों से जहाजों की सुरक्षा के लिए रक्षात्मक बल प्रयोग अधिकृत करने पर मतदान स्थगित कर दिया है। प्रस्ताव पर मतदान की नई तिथि अभी घोषित नहीं की गई है।

00000000000000000000000000000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गुजरात के वडीनार से चीन की ओर ईरानी कच्चे तेल के कार्गो को मोड़े जाने की खबरें तथ्यात्मक रूप से गलत और आधारहीन है। श्री पुरी ने कहा कि पश्चिम एशिया में आपूर्ति में व्यवधान के बावजूद, भारतीय रिफाइनर कंपनियों ने ईरान सहित अपने कच्चे तेल की आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है।

00000000000000000000000000000

असम, पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज हुआ। असम, केरलम और पुद्दुचेरी में प्रचार मंगलवार को समाप्त हो जाएगा।

इन राज्यों में नौ अप्रैल को मतदान होगा। केरलम में प्रमुख राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक राज्य के महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी रैलियों कर रहे हैं।

0000000000000000000000

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर किसी भी प्रकार की गलतफहमी को दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ईसाई मिशनरियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा। केरलम में उन्होंने विपक्षी दलों पर राजनीतिक लाभ के लिए गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उल्लघंन करने वालों पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

0000000000000000000000

पश्चिम एशिया में संकट के बीच कोल इंडिया लिमिटेड देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। कोल इंडिया के अध्यक्ष बी. साईराम ने आकाशवाणी को बताया कि ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयले का भंडार उपलब्ध है।

0000000000000000000000